# आया राखी का त्यौहार | By Nikunj Prem

आया राखी का त्यौहार बहन का प्यार मिला
राखी के दिन इस भाई से ना कर कोई गिला

माना की मैं नादान हूँ गुड़िया तू बड़ी सयानी है
सारे घर की रौनक है, माँ पापा की बिटिया रानी है
गलतियां मेरी माफ़ कर के प्यार मिला बेशुमार
बहन का प्यार मिला........
आया राखी का त्यौहार बहन का प्यार मिला

तेरे बिना मैं कुछ भी नहीं हूँ, तुझ बिन सब कुछ अधूरा है
प्यारी सी एक बहन मिले तो, लगता जीवन पूरा है
मेरी कलाई पर बाँधा है अपना सब संसार
बहन का प्यार मिला........
आया राखी का त्यौहार बहन का प्यार मिला

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%96%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a5%8c%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-nikunj-prem/